तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

4
बच्चों के मॉडल ने दिखाया विज्ञान का चमत्कार
कृषि अपशिष्ट प्रबंधन को मिली सराहना





## खबर संक्षेप

### लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने कैंप का आयोजन

**रायगढ़।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोनल रेलों में 1 से 30 नवम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा उन्हें अपने घर से या अपनी पेंशन वितरण बैंक शाखा से डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करना है। रायगढ़ में रेलवे पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने 14 नवंबर को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा।
दरअसल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा मंडल के सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों की सुविधा के लिए 10 नवंबर से 28 नवंबर तक विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें फेस आधारित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट निशुल्क बनाए जाएंगे। जिसमें 12 नवम्बर को रायगढ़ स्टेशन में विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। बिलासपुर मंडल के कार्मिक विभाग ने इस अभियान की सफलता के लिए पेंशन वितरण बैंकों एवं पेंशनर्स एसोसिएशनों के साथ समुचित समन्वय स्थापित किया है, ताकि अधिक से अधिक पेंशनभोगी इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठा सकें।

### रेलकर्मी से मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** खरसिया चौकी पुलिस ने रेलकर्मी से मोबाइल लूटपाट करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे लूटी गई मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक को जप्त किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दरअसल पश्चिम बंगाल निवासी सायन चट्टर्जी पिता प्रेमुमय चट्टर्जी 30 वर्ष वर्तमान में गोविंद कॉलोनी महका चौकी खरसिया में रहकर रेलवे सिग्नल मेंटेनेंस का कार्य करता है। 8 नवंबर की रात करीब 9.30 बजे वह अपने घर से मंगल बाजार की ओर सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान खरसिया रेलवे फाटक के पास दो युवक बाइक से आए और उसका रास्ता रोक कर गाली-गलौज करते हुए उसका मोबाइल कीमती 50 हजार रुपए को लूट कर भाग गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसके बाद पुलिस टीम ने इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाई और संदिग्धों की तलाश में जुट गई। तभी मंगल बाजार के पास दोनों संदिग्ध युवक शनि उर्फ सागर महंत और ललित उर्फ लल्लू राठौर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने रेलवे फाटक के पास एक युवक से मोबाइल लूटपाट की है। ऐसे में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

### गोठान में मवेशियों की मौत, सरपंच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत सलखन के गोठान में मवेशियों की मौत के मामले में पुलिस ने सरपंच को गिरफ्तार किया है। गोठान परिसर में कुछ दिन पहले 14 गोवंश मृत अवस्था में पाए गए थे। वहीं 5 मवेशी के कंकाल भी मिले थे। पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की थी। जांच के बाद शिवरीनारायण पुलिस ने मामले में सरपंच की गिरफ्तारी की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत सलखन के गौठान में मवेशियों के मृत होने की सूचना मिली। सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम ने गोठान पहुंच कर जांच की। गौठान के सामने रोड किनारे झटका तार से घेरा मिला।

# साल भर बाद बढ़ी कुकिंग कास्ट की राशि, मिडिल स्कूल का 10 रुपए 17 पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सालभर बाद एमडीएम कुकिंग कास्ट की राशि बढ़ी है। इसके पहले 2024 जनवरी में बढ़ी थी। हालांकि हर 6 महीने में इसकी राशि बढ़ने की बात कही जा रही है। अभी जो राशि बढ़ी है वह जुलाई से ही लागू हो गई है। प्राइमरी में प्रति बच्चे 6 रुपए 78 पैसे अब मिलेगा। इसमें केंद्र का अंशदान 4 रुपए 7 पैसे और राज्यांश 2 रुपए 71 पैसा है। इसी तरह मिडिल स्कूल में प्रति छात्र 10 रुपए 17 पैसे मिलेगा। इसमें केंद्रांश 6 रुपए 10 पैसे और राज्यांश 4 रुपए 7 पैसे शामिल है। खास बात यह है कि इसी पैसे से भोजन बनाने वाली महिला समूहों को तेल, नमक से लेकर अन्य सामान खरीदी करनी पड़ती है। इसमें सबसे ज्यादा तेल और लकड़ी में राशि खर्च होती है। दोनों ही काफी महंगे हैं।

हर 6 महीने में कुकिंग कास्ट की राशि बढ़ती है। हालांकि कभी-कभी यह साल भर भी हो जाती है। जिले के स्कूलों में समूह की महिलाएं भोजन बनाती हैं। इनको मानदेय बतौर रसोइया मिलती है।

**खास बात**
- इसी राशि से महिला समूह तेल, नमक से लेकर लकड़ी का निकालते हैं खर्च



**महंगाई से हैं त्रस्त**
महंगाई का असर केवल आम लोगों पर पड़ा है ऐसा नहीं है। एमडीएम पर भी इसका खासा असर पड़ा है। अभी के समय में सबसे अधिक तेल की कीमत बढ़ी है। इसके अलावा लकड़ी भी काफी महंगा मिल रहा है। हरी सब्जी तो आसमान छू रहा है। ऐसे में हरी सब्जी बहुत कम बनाई जाती है। सोयाबड़ी भी महंगी हो गई है। इसी तरह अन्य सामानों की कीमत भी काफी बढ़ गई है।

सरकारी राशन दुकानों से स्कूलों को प्रति छात्र के हिसाब से चावल मिलता है।

**अब ऐसे मिलेगा कुकिंग कास्ट की राशि**
प्राइमरी प्रति बच्चे - 6 रुपए 78 पैसे
मिडिल प्रति बच्चे - 10 रुपए 17 पैसे

हालांकि इसका भुगतान स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से नागिरक आपूर्ति निगम को की जाती है। दूसरी ओर कुकिंग कास्ट की राशि से भोजन बनाने में जो चीजें लगती है उसकी खरीदी की जाती है। इसमें तेल, नकम से लेकर मसाला और अन्य सामान शामिल है।

### तमनार थाना क्षेत्र के सक्ता गांव का मामला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# भरोसे का उठाया फायदा, कियोस्क संचालक ने महिला के खाते से अपने खाते में किया 4.62 लाख ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भरोसे का फायदा उठाकर कियोस्क संचालक ने महिला के बैंक एकाउंट से अपने एकाउंट में 4 लाख 62 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया। जब महिला ने बैंक में इसकी जांच की तो मामले का खुलासा हुआ।

जानकारी मिली तो कियोस्क संचालक बंक कर फरार हो गया। कियोस्क संचालक ने महिला के थंब इंप्रेशन का दुरुपयोग कर खाते से राशि ट्रांसफर कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। यह मामला तमनार थाना क्षेत्र के सक्ता गांव का मामला है। जानकारी के अनुसार ग्राम सक्ता निवासी सत्यभामा सिदार 30 वर्ष की मां रूपवती सिदार को भू-अर्जन में मुआवजे के रूप में कंपनी से करीब 54 लाख मिली थी। रूपवती ने इनमें से 15 लाख अपनी बेटी सत्यभामा के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। गांव मिलूपारा निवासी नरेंद्र बेहरा छिरवानी में कियोस्क शाखा चलाता था, वह सत्यभामा के बैंक लेनदेन का काम करता था। हर बार रुपए निकालते समय वह सत्यभामा से दो बार अंगूठा लगवाता था, जबकि एक बार में ही निकासी पूरी हो जाती थी। इसी का फायदा उठाकर उसने अपने खाते में गुपचुप तरीके से 17 सितंबर 2020 को 3 लाख, 28 सितंबर 2020 को 1 लाख 50 हजार, 6 दिसंबर 2020 को 12 हजार 500 रुपए कुल 4 लाख 62 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया।

**बैंक एकाउंट जांच करने के बाद हुआ मामले का खुलासा, तीन बार में निकाली राशि**



**ट्रांजेक्शन हिस्ट्री से हुआ ठगी का खुलासा**
सत्यभामा ने जब खाते की एंट्री और ट्रांजेक्शन हिस्ट्री देखी तो उसे धोखाधड़ी का पता चला। उसने नरेंद्र बेहरा से रुपए लौटाने की मांग की, लेकिन उसने राशि वापस करने से इनकार कर दिया। इसके अलावा आरोपी ने सत्यभामा के बड़े पिता रामसिंह सिदार और बड़े भाई हलधर सिदार को शराब पिलाकर उनके खातों से भी रुपए निकाल लिए।

**पुलिस गिरफ्त में आरोपी**
जब पीड़ित परिवार को पूरी सच्चाई का पता चला तो वे आरोपी के पास पहुंचे, लेकिन वह शाखा बंद कर फरार हो गया है। इस मामले में सत्यभामा सिदार ने रविवार को तमनार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने आरोपी नरेंद्र बेहरा के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके पास से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, कम्प्यूटर हार्ड डिस्क और मोबाइल फोन जप्त कर उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

### आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति कम, मिला नोटिस

**रायगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप द्वारा बाल विकास परियोजना मुकड़ेगा अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र लिबरा में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम पाई गई और केंद्र में साफ-सफाई का अभाव देखा गया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र कमरगा और मुडापारा निरीक्षण के समय पूरी तरह बंद पाए गए। इस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए परियोजना अधिकारियों के माध्यम से 5 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को समय पर पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं मिलती रहें।

## मांगों को लेकर बिजारी खदान के सामने ग्रामीणों ने 6 घंटे तक किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा ब्लॉक स्थित एसईसीएल के बरौद-बिजारी खदान के सामने सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण रोजगार, सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे थे। करीब 6 घंटे चले आंदोलन के बाद खदान प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन दिया, इसके बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। सुबह करीब 7 बजे बिजारी, पोंडा, औरामुड़ा, बरौद और पतरापाली गांवों के 60 से 70 ग्रामीण एसईसीएल खदान के मुख्य गेट पर पहुंचे। उन्होंने खदान का संचालन रोकते हुए गेट के सामने प्रदर्शन शुरू किया। ग्रामीणों ने 8 सूत्रीय मांगें रखीं और कहा कि जब तक इन पर कार्रवाई नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम औरामुड़ा में दो बोरवेल, पानी टंकी, तालाब पचरीकरण, सड़क और लाइट की व्यवस्था तुरंत की जाए। साथ ही मुड़ाडीपा मोहल्ला में भी सड़क, बोरवेल, पानी टंकी और लाइट की मरम्मत की जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा किए फगुरम और औरामुड़ा बस्ती के दुर्गेश कुमार, लोकनाथ, भिखारीलाल, चीरू सिंह, घनश्याम, बेवा मिलन, जगन्नाथ बैरागी और गरजू को एसईसीएल हसदेव क्षेत्र से नौकरी से हटाया गया है। इन सभी को फिर से बरौद खदान में पदस्थापित किया जाए। इसके अलावा गांव के बेरोजगार युवाओं को ठेका श्रमिक के रूप में रोजगार देने की भी मांग की गई।

**30 दिन में कार्रवाई का दिया भरोसा**
ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसईसीएल प्रबंधन, खदान अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काफी देर चली बातचीत के बाद खदान प्रबंधन ने 30 दिन के भीतर मांगों पर कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया।

# घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन से पूछताछ का पुलिस को नहीं अधिकार

**जानकारी के अभाव में कानूनी पचड़ों के डर से आगे नहीं आते लोग, प्रशासन भी नहीं करता प्रोत्साहित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क दुर्घटना में घायल या मृतकों को अस्पताल तक पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन से पुलिस न तो किसी भी प्रकार से पूछताछ कर सकती है और ना ही उन पर दबाव बना सकती है। संबंधित व्यक्ति चाहे तो खुद को गोपनीय भी रख सकता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार द्वारा कुछ साल पहले ही इस कानून को लागू करते हुए बकायदा इसका प्रकाशन राजपत्र में भी किया गया है, लेकिन जानकारी के अभाव में आज भी अधिकांश लोग कानूनी पचड़ों के डर से घायलों की मदद करने से झिझकते हैं, जबकि ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने का काम शासन और प्रशासन का है।

अक्सर यह देखा जाता है कि सडक दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को मदद करने या अस्पताल पहुंचाने से लोग कराते हैं। इसके पीछे का कारण यह होता है कि वो पुलिस के लफड़े में नहीं फंसना चाहते हैं। क्योंकि पुलिस द्वारा घायल लोगों को सहायता करने वाले व्यक्ति से कई सवाल पूछे जाते थे, उन्हें गवाह बनाया जाता था। साथ ही उन्हीं को प्रार्थी बनाकर थाने में अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी की जाती थी। इसलिए अधिकांश लोग घायलों के मदद के लिए आगे नहीं आते हैं। कुछ साल पहले ही सरकार ने घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन को बड़ी राहत दी है। कोई भी व्यक्ति या प्रत्यक्षदर्शी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम अस्पताल पहुंचाता है, उसकी सहायता करता है या फिर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना देता है तो पुलिस उससे किसी भी प्रकार का कोई सवाल नहीं करेगी और न ही किसी प्रक्रिया के लिए दबाव बनाएगी, लेकिन सरकार की यह गाइडलाइन कागजों में ही सीमित रह गई है। आज भी 99 प्रतिशत आमजन को इस बात की जानकारी ही नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने ऐसा कोई नियम-कानून भी बनाया है। क्योंकि स्थानीय पुलिस, प्रशासन द्वारा लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई जागरूकता कार्यक्रम ही नहीं चलाया जाता है। जिससे आज भी लोग अपनी आखों के सामने हुए हादसों को देख कर अनदेखा करते हुए आगे बढ़ जाते हैं, क्योंकि उनके मन में यह सवाल उठता है कि वो अगर घायल की मदद करने जाएं तो उल्टा पुलिस उनसे सवाल-जवाब करेगी।



**अस्पतालों में भी नियमों का नहीं पालन**
गजट में प्रकाशित नियम के अनुसार निजी व सरकारी अस्पतालों के मुख्य द्वार पर एक पॉम्प्लेट चिपकाना है। जिसमें हिंदी-अंग्रेजी या क्षेत्रीय भाषा में इस बात का उल्लेख रहेगा कि गुड सेमेरिटन को अस्पताल में प्रवेश पर कोई नहीं रोकेगा, लेकिन आज पर्यंत तक किसी भी अस्पतालों के गेट में इस तरह का पॉम्प्लेट नहीं चिपकाया गया है। इस तरह अस्पतालों में शासन के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन से पुलिस पूछताछ नहीं कर सकती। लोगों को इस बात की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। वहीं जिले में कुछ ऐसे गुड सेमेरिटन हैं, जिन्हें सप्ताहभर के भीतर ही शासन की ओर से दी जाने वाली 25 हजार की राशि से पुरस्कृत किया जागा।
**उत्तम प्रताप सिंह**
ट्रैफिक डीएसपी

**राजपत्र में प्रकाशित प्रमुख गाइडलाइन**
- किसी सड़क दुर्घटना में गुड सेमेरिटन किसी घायल व्यक्ति को निकटतम अस्पताल में लेकर जा सकता है तथा उस गुड सेमेरिटन को तुरंत जाने की अनुमति दे दी जाएगी और उससे कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा।
- सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने हेतु अन्य नागरिकों का प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट रूप में प्राधिकरणों द्वारा गुड सेमेरिटन को उचित ईनाम या मुआवजा दिया जाएगा।
- गुड सेमेरिटन किसी सिविल तथा आपराधिक दायित्व के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
- कोई गुड सेमेरिटन जो सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति के लिए पुलिस को सूचना देने अथवा आपातकालीन सेवाओं हेतु फोन कॉल करता है तो उसे फोन पर अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना नाम और व्यक्तिगत विवरण देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।
- उन लोक अधिकारियों के विरुद्ध संबंधित सरकार द्वारा अनुशासनात्मक या विभागीय कार्रवाई की जाएगी जो किसी गुड सेमेरिटन को अपना नाम अथवा व्यक्तिगत विवरण देने के लिए बाध्य करेंगे अथवा धमकाएंगे।

### बीएलओ को समय.सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# एसडीएम पहुंचे जांच में, पत्रक किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पूरी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ जारी है। इस अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी अपने.अपने प्रभार क्षेत्र के मतदाताओं तक घर-घर पहुंचकर दो प्रतियों में गणना पत्रक वितरण का कार्य कर रहे हैं। निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की प्रगति का निरंतर निरीक्षण संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजरों द्वारा किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 1097 मतदान केंद्रों में यह कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। इस प्रक्रिया के प्रभावी संचालन हेतु 4 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 21 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 1097 बूथ लेवल अधिकारी एवं 109 बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में 9 नवम्बर को अनुविभागीय अधिकारी सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रायगढ़ महेश शर्मा द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का फील्ड निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ, सुपरवाइजरों, बीएलओ तथा अधीनस्थ कर्मचारियों से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित समय.सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान और सभापति डिग्रीलाल साहू को भी गणना पत्रक का प्रतीकात्मक वितरण किया गया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि निर्वाचक नामावली का सटीक और अद्यतन होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का मूल आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



## ग्रामीण के घर में चल रही थी धर्मसभा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्रामीण अपने घर में धर्मसभा करा रहा था। इस सभा में ईसाई धर्म के बारे में प्रचार किया जा रहा था। जब गांव के लोगों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीपानी के आश्रित गांव परसाडीपा में रहने वाले 28 वर्षीय सालिक राम खड़िया अपने घर में कुछ लोगों को बुलाकर धर्मसभा कर रहा था। इस दौरान वह ईसाई धर्म के बारे में प्रचार-प्रसार कर रहा था। जब आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिली तो गांव के कई लोग वहां इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंची और घर में चल रही धर्मसभा को रुकवाया। इसके बाद पुलिस ने सालिक राम को गिरफ्तार कर थाना ले आई। बताया जा रहा है कि सालिक राम वर्ष 2015 से अपने घर में इस तरह की धर्मसभाएं कर रहा था। फिलहाल पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



**खबर संक्षेप**

### परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम बुटकछार निवासी स्व. रामबिलास का डबरी के पानी में डूबने से 18 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी सनपति बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सूरजपुर में ट्रेड टेस्ट 17 से 19 तक

**जशपुरनगर।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सरगुजा रेंज के तथा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में रिक्त आरक्षक ट्रेड संवर्ग के पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यार्थियों का ट्रेड टेस्ट 10वीं वाहिनी छसबल सिलफिली, जिला सूरजपुर के ग्राउण्ड में 17 नवम्बर से आयोजित होगी। इस परीक्षा में सरगुजा रेंज के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर-रमानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। पुलिस विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, आरक्षक (चालक) के साथ-साथ आरक्षक (ट्रेड) श्रेणी के अंतर्गत कुक एवं वाटर कैरियर जैसे पदों के लिए यह परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को ट्रेड टेस्ट के लिए सूची में दी गई है ।निर्धारित तिथि पर प्रातः 7 बजे 10वीं वाहिनी छसबल सिलफिली, जिला सूरजपुर के ग्राउण्ड में उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए व्यापम द्वारा जारी लिखित परीक्षा का एडमिट कार्ड तथा वैध पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक है। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर परीक्षा स्थल में प्रवेश दिया जाएगा।

### रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने हेतु शिविर 13 से

**जशपुरनगर।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाना अनिवार्य किया गया है। इस निर्देश के अनुपालन एवं वाहन सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जशपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन 13 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न स्थलों पर किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कुनकुरी, 17 नवम्बर से 19 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कांसाबेल, 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन पत्थलगांव, 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर 2025 तक नगर पंचायत भवन कोतबा, 27 नवम्बर से 29 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन फरसाबहार, 01 से 03 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन मनोरा, 04 से 06 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन सन्ना तथा 08 से 10 दिसम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन बगीचा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। एचएसआरपी लगवाने से वाहनों की पहचान अधिक सुरक्षित, सटीक और मानकीकृत हो जाती है। यह प्लेट छेड़छाड़-रोधी होती है, जिससे वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। साथ ही परिवहन विभाग के डेटाबेस में वाहन की अद्यतन जानकारी स्वतः दर्ज होती है, जिससे पंजीयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनती है। जिला प्रशासन ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि जिनके वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगा है वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपने वाहनों में अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं तथा शासन के निर्देशों का पालन कर वाहन सुरक्षा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### भिंजपुर गांव में दिल दहला देने वाली वारदात, झगड़े के बाद हत्या

# पति की हत्या कर मां ने बेटी से कहा-तुम्हारे पिता को मार दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी और शव को सूटकेस में बंद करके घर में ही रख दिया। फिर उसने खुद अपनी बेटी को फोन कर बताया कि मैंने तेरे पिता को मार दिया है।इस खुलासे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

■ शव सूटकेस में मिला, महिला फरार महाराष्ट्र भेजी गई पुलिस टीम

घटना दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम भिंजपुर की है। मृतक संतोष भगत उम्र 43 वर्ष गांव में खेती किसानी करता था और अपनी पत्नी (आरोपिया) के साथ रहता था। उनके तीन बच्चे हैं, जो शादी के बाद बाहर रहते हैं। शुक्रवार 7 नवंबर को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर तीखा विवाद हुआ था।इसी दौरान उनकी बेटी, जो कोरबा में रहती है, ने फोन पर माता-पिता के झगड़े की आवाजें सुनीं। थोड़ी देर में फोन कट गया। बेटी ने उस वक्त ज्यादा ध्यान नहीं दिया।



#### एसएसपी बोले-गिरफ्तारी के बाद खुलेगा असली कारण

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपिया की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। टीम महाराष्ट्र भेजी गई है। गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

#### हत्या की पुष्टि, बीएनएस की धारा 103(1) में मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 103(1) के तहत केस पंजीबद्ध किया गया है। जांच में यह साफ हो गया कि हत्या पत्नी ने ही की है। वह वारदात के बाद घर छोड़कर फरार है। पुलिस ने आरोपिया की पहचान कर ली है और उसकी तलाश में टीम महाराष्ट्र रवाना कर दी गई है।

#### अगले दिन मां का कॉल, मैंने तेरे पिता की हत्या कर दी है

8 नवंबर की सुबह आरोपिया पत्नी ने अपनी मंझली बेटी को फोन किया। फोन पर उसने बताया कि मैंने तेरे पिता को मार दिया है। उनके शव को कम्बल में लपेटकर सूटकेस में रख दिया है। यह सुनकर बेटी के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह तुरंत अपने पति के साथ 9 नवंबर को गांव भिंजपुर पहुंची और यह बात अपने बड़े पिताजी विनोद मिंज उम्र 45 वर्ष को बताई।

#### पुलिस पहुंची तो खुला राज सूटकेस में बंद मिला शव

विनोद मिंज ने तुरंत थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घर की तलाशी में एक बड़ा गहरे लाल रंग का ट्रॉली सूटकेस मिला। जब पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में सूटकेस खोला अंदर संतोष भगत का शव मिला। शव को कंबल से ढककर सूटकेस में ठूंसकर बंद किया गया था।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## धान के अवैध परिवहन पर कार्रवाई जारी

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके मद्देनज़र कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले में अन्य राज्यों से अवैध रूप से परिवहित एवं संग्रहित धान पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। जिले की सीमाओं पर अवैध धान की आवक रोकने हेतु 21 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इसी क्रम में दुलदुला तहसील के अंतर्गत राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड राज्य के सिमडेगा जिले से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 300 बोरी धान को जप्त किया है। जानकारी के मुताबिक दुलदुला तहसीलदार श्री राहुल कौशिक एवं खाद्य निरीक्षक की टीम ने रात्रिकालीन गश्त के दौरान ग्राम रूसू करसाई जिला सिमडेगा,झारखंड से कुनकुरी की ओर जा रहे एक मज़दा वाहन को सपघरा चेकपोस्ट के समीप रोककर जांच की। जांच के दौरान



■ राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में सिमडेगा से आ रही 300 बोरी अवैध धान जब्त

वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहे 300 बोरी धान पाया गया, जिसे तत्काल जप्त कर करडेगा पुलिस चौकी में सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व ही पत्थलगांव विकासखंड के पालीडीह क्षेत्र में भी प्रशासन द्वारा अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे लगभग 200 क्विंटल धान को जप्त किया गया था।

## स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास के बाद की विद्यालय परिसर की सफाई

**जशपुरनगर।** कुनकुरी के ग्राम पंचायत धुमाडांड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर पर प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली में योगाभ्यास एवं व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम एनएनएस के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्कूली बच्चों ने स्वागत किया तत्पश्चात विद्यालय में पदस्थ शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक महेश तिर्की ने 50 स्वयंसेवी छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासन



एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिसमें वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, मकरासन आदि शामिल थे, उसके पश्चात प्राणायाम सत्र में अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, भस्त्रिका का अभ्यास कराया गया। सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखें, सकारात्मक व्यवहार करें

इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखें, सकारात्मक व्यवहार करें, समाज एवं देश के प्रति जागरूक बनें और सेवा भाव के साथ समाज एवं देश की सेवा करें।

## गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन, तैयारियां प्रारंभ

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा बगीचा में शक्ति संवर्धन 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के भूमि पूजन समारोह रविवार 9 नवम्बर को बगीचा स्थित हाई स्कूल के पास दशहरा ग्राउंड में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर गायत्री परिवार, प्रज्ञापीठ बगीचा के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं यज्ञ के वैदिक विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम में शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर,छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी आदर्श दीदी, समन्वयक छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ ओम प्रकाश राठौर,उपजोन समन्वयक एसजे



द्विवेदी, सह समन्वयक डीआर चौहान, जिला समन्वयक काशीराम श्रीवास, जिला ट्रस्टी सहादुल सिंह समेत जिले व क्षेत्र से आए गायत्री परिजन श्रद्धालु जन, नगरवासी एवं आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मुख्य यजमान के रूप में विकास अग्रवाल एवं विक्रम बरार ने सपत्नीक देव आह्वान किया।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा,सज्जन जैन,बजरंग अग्रवाल,संतोष गुप्ता,रमेश गुप्ता समेत अन्य नागरिकों ने सभी आगंतुकों का भाव भरा अभिनंदन किया। भूमि पूजन के साथ ही आगामी 10 से 13 दिसम्बर 2025 तक बगीचा में आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत हो गई है। आयोजन में शान्तिकुञ्ज, हरिद्वार उत्तराखंड के प्रज्ञा पुरोहितों द्वारा राष्ट्र जागरण, संस्कार संवर्धन एवं जनजागरण के विविध कार्यक्रम होंगे।

#### जन जन में देवत्व के भाव का उदय होगा

शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर ने बताया कि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ बगीचा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है।यह देवकार्य है जिससे जन जन में पवित्रता के साथ देवत्व का भाव उदय होगा।

## लौह पुरुष पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल होने की जा रही अपील

**रायगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल होने अरुण धर दीवान ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा इस दौरान विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी की मौजूदगी रहेगी।

दीवान ने कहा भारत के लौह पुरुष स्वतंत्र भारत के एकीकरण के शिल्पकार एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले में 12 नवम्बर मंगलवार को यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जा रहा है। देश के लिए सरदार पटेल के योगदान, उनके दृढ़ नेतृत्व और एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना के संदेश को आम जनता तक पहुँचाने का एक शसक्त प्रयास होगा। घरघोड़ा स्थित गायत्री मंदिर से प्रातः 9.30 बजे यूनिटी मार्च प्रारंभ होकर झरियापाली, देवगढ़, जरेकेला, बासनपाली होते हुए लगभग 12 किलोमीटर लंबी यात्रा के बाद तमनार में समाप्त होगी। जिला भाजपा की ओर से इस संबंध में



जानकारी देते हुए दीवान ने कहा यूनिटी मार्च का उद्देश्य सरदार पटेल की 150 वीं जयंती कर उनके शाश्वत योगदान को देश वासियों को अवगत कराना है। यूनिटी मार्च के सफर के मध्य थोड़ी थोड़ी दूर में पटेल के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा किया जाएगा। अध्यक्ष दीवान ने कहा इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, स्थानीय जनप्रतिनिधियो गणमान्य नागरिकको सहित विद्यालयों और महाविद्यालयों की छात्र छात्राएँ, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वालंटियर्स सहित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

### एसआईआर: मतदाताओं तक पहुंचे बीएलओ, गणना प्रपत्र वितरित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का काम जोरों पर है। जशपुर जिले में विगत 4 नवम्बर से इसकी शुरुआत हो चुकी है जो आगामी 4 दिसम्बर 2025 तक चलेगा इसकी शुरूआत के बाद से बीएलओ मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर बीएलओ गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र देने के साथ ही आवश्यक दस्तावेज भी संकलित कर रहे हैं।

## अखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन ने मनाया विजय उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

अखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन राउरकेला शाखा की ओर से स्थानीय राउरकेला क्लब परिसर में विजया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंग साहित्यकार डॉ समीर रक्षित थे।

अपने संबोधन में उन्होंने प्राचीन बंग साहित्य के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण था वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ का उत्सवए तथा चार भारतीय विभूतियों सलिल चौधरी, ऋत्विक घटक, तृप्ति मित्र के जन्मशताब्दी वर्ष और उदय शंकर की 125वीं जयंती पर आधारित श्रद्धांजलि प्रस्तुति। इन महान विभूतियों को एक विशेष सांस्कृतिक प्रदर्शनी के माध्यम से स्मरण किया गया। कार्यक्रम में एकल गीतए कोरस गायन, नृत्य आदि विविध प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनका संचालन व निर्देशन सांस्कृतिक सचिव श्रीमती सुष्मिता नस्कर ने किया।

समारोह की शुरुआत शाखा सदस्यों द्वारा उद्घाटन संगीत से हुई, जिसके बाद शाखा अध्यक्ष दिलीप कुमार भुईं ने स्वागत भाषण दिया। शाखा सचिव श्रीमती सुचिस्मिता विश्वास ने द्विमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. समीर रक्षित का औपचारिक परिचय डॉ. शंपा मजूमदार ने कराया। पूरे कार्यक्रम का स्क्रिप्ट मौसुमी राय तपदार और शर्मिष्ठा बनर्जी ने तैयार किया। सुष्मिता नस्कर मौसुमी राय तपदार, शर्मिष्ठा बनर्जी, सोमा सेन, शुक्ला पाल, पापिया मजूमदार, तमिश्रा भट्टाचार्य, ऋषभ गुरवारा और अंशुमान सेन सहित कई कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन मौसुमी राय तपदार ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ.साथ सम्मेलन की स्थानीय पत्रिका शंख पर एक समालोचनात्मक समीक्षा के माध्यम से साहित्यिक चर्चा का भी आयोजन हुआ, जिसका संचालन साहित्य विभाग की सचिव श्रीमती अर्थिता भट्टाचार्य ने किया। कार्यक्रम का समापन एक ओपन सेगमेंट के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने एकल गीत और कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



#### बंग साहित्य, संगीत व संस्कृति की सजी शाम

अखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन, राउरकेला शाखा द्वारा रविवार शाम राउरकेला क्लब परिसर में विजया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य, संगीत और संस्कृति का मनमोहक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध बंग साहित्यकार डॉ. समीर रक्षित रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में प्राचीन बंग साहित्य की समृद्ध परंपरा और उसकी आधुनिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर का प्रमुख आकर्षण रहा वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ का उत्सव। साथ ही सलिल चौधरी, ऋत्विक घटक, तृप्ति मित्र के जन्मशताब्दी वर्ष और उदय शंकर की 125वीं जयंती को समर्पित श्रद्धांजलि कार्यक्रम। इन विभूतियों को विशेष सांस्कृतिक प्रदर्शनी और मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से नमन किया गया। सांस्कृतिक सचिव श्रीमती सुष्मिता नस्कर के निर्देशन में एकल गीत, कोरस गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने की सफाई, दी रंगारंग प्रस्तुति

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस अनेक अनोखे एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसूल हसन खान, ब्लारमी तिर्की तथा रेशमा मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। प्रातःकालीन पीटी सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने हस्तिनापुर के नवाटोली गांव में सड़क किनारे फैली झाड़ियों को काटकर साफ-सफाई की। जिन स्थानों पर झाड़ियां मोड़ पर दुर्घटना की संभावना बढ़ा रही थीं, वहां विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही गलियों की नालियों और घास की सघन सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्रामवासियों ने इस सेवा कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि एनएसएस इकाई के छात्र सच्चे अर्थों में "देश सेवा और मानवता" का परिचय दे रहे हैं। बौद्धिक चर्चा सत्र में सेवा निवृत्त आर्मी सब इंस्पेक्टर रामकिशुन चौहान ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि "हमें जातिवाद, धर्मवाद, भाषावाद और क्षेत्रवाद जैसी संकीर्ण विचारधाराओं से ऊपर उठकर देश की एकता और सम्मान के लिए कार्य करना चाहिए। जीवन को बेहतर बनाना है तो अच्छे कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, क्योंकि बीजी रहेंगे तो जीवन इजी रहेगा।" उन्होंने एनएसएस से प्राप्त होने वाले



■ अनोखा रहा एनएसएस विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस

अनुभवों और अवसरों के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेंद्र राम, विशिष्ट अतिथि गौरन राम चौहान, लल्लू राम भगत, रामकुमार बागे, राकेश कुशवाहा एवं कालीचरण ओहदार द्वारा प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद, विद्यादायिनी सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सांस्कृतिक संध्या में नृत्य, गीत एवं एकांकी की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में मो. शमीम खान, विक्रम राम एवं विकास राम का सहयोग सराहनीय रहा। प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों ने उत्साहवर्धन स्वरूप प्रतिभागियों पर पुरस्कारों की फूलझड़ियां बरसाईं।

### जशपुर में कल से शुरु होगी राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता


**जशपुरनगर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जशपुर जिले को अहम जिम्मेदारी दी गई है। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन जशपुरनगर में किया जाएगा। यह आयोजन 12 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, रायगढ़, कांकेर, रायपुर एवं कवर्धा कुल 9 जोन के प्रतिभागी बच्चे एवं बी.एड., डी.एड. के प्रशिक्षु शिक्षक सम्मिलित होंगे।

### मुख्यमंत्री के प्रयास का दिख रहा सकारात्मक परिणाम

# जशपुर जम्बुरी के अनुभव को साथ लेकर गए पर्यटक

**जशपुरनगर।** अंतिम दिन देश देखा के शांत और खूबसूरत वातावरण में उगते सूरज के साथ शुरू हुआ। प्रतिभागियों ने सुबह की ठंडी हवाओं के बीच सूर्योदय का आनंद लिया और महिला स्व-सहायता समूहों (SHG) द्वारा परोसे गए पारंपरिक स्थानीय नाश्ते का स्वाद लिया। वातावरण में आत्मीयता, ऊर्जा और चार दिवसीय उत्सव के प्रति गर्व की भावना झलक रही थी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है और जशपुर जम्बुरी सफल रहा। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन








अधिकारी, जिला पंचायत अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देशों से पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हुआ। अतिरिक्त सीईओ समीर बड़ा ने भी लगातार संचालन और समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई।

सुबह के सत्र में प्रतिभागियों ने रॉक क्लाइम्बिंग, बोल्डरिंग, रैपलिंग, ज़िपलाइनिंग और एक्वा साइक्लिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया। वहीं, कुछ प्रतिभागी मयाली पहुंचे, जहां उन्होंने वॉटर एडवेंचर, एटीवी राइड्स, पेंटबॉल, पैरामोटरिंग और हॉट एयर बलूनिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों में भाग लिया। मयाली बांध और मधेश्वर पहाड़ियों की प्राकृतिक पृष्ठभूमि ने इस अनुभव को और भी यादगार बना दिया। दोपहर में सभी प्रतिभागी एकत्र होकर सामुदायिक भोजन और समापन सत्र में शामिल हुए, जहां सभी ने अपने अनुभव, सुझाव और धन्यवाद साझा किए। चार दिनों के दौरान जशपुर के विभिन्न हिस्सों से लगभग 15,000 लोगों ने देश देखा और मयाली में पहुंचकर इस आयोजन का अनुभव किया। सभी 150 प्रतिभागी अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित थे तथा उन्होंने जिला प्रशासन के इस अनोखे आयोजन की सराहना की, जिसमें साहसिक गतिविधियां, संस्कृति, समुदाय और सतत पर्यटन का सुंदर संगम देखने को मिला। हमारे सहयोगी संस्थानों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप



### दसवीं में जिले टाप आने पर कलेक्टर ने किया सम्मान

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धने और जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले व जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के दौरान नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में दसवीं के छात्र अम्बर खान का साल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। अम्बर खान दसवीं की परीक्षा में जिले में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया था, अम्बर खान अनवर खान के पुत्र हैं, और सूरजपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत हैं। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक भीमसेन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश जैन, प्रार्चाय कैलाश यादव, आचार्य जितेन्द्र कुमार दुबे, आचार्य राकेश निगम एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे।

### पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता ने



हरियाली बचाने, पर्यावरण बचाने, ओजोन परत के क्षरण की भयावहता, चांद पर बस्ती बसाने की ललक को प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों ने कार्बन उत्सर्जन पर चिंता वहीं सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा की ओर बढ़ने का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने प्रथम अमृता सिंह, द्वितीय तृप्ति साहू, माधुरी राजवाड़े, माधवी दुबे और रिया किसपोट्टा, अंकुश गुप्ता को तृतीय घोषित किया है। पेंटिंग स्पर्धा में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा प्रथम अनुराध कंवर, द्वितीय सृष्टि वैष्णव, अदिति गुप्ता, तृतीय स्थान प्रतिमा राजवाड़े, रेशमा बड़ा ने हासिल किया।

### कांग्रेस में वापसी नहीं हो पाने से पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह है हताश : बृजेश

**शंकरगढ़।** पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरीता लेतफलांग के खिलाफ दिए गए पैसों के लेनदेन



संबंधी बयान पर बलरामपुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बृजेश यादव ने कहा कि बृहस्पति सिंह कांग्रेस में पुनः प्रवेश के लिए लगातार बड़े नेताओं से प्रयास कर रहे हैं, किंतु उनकी वापसी संभव नहीं हो पा रही है। इसी हताशा के चलते उनका मानसिक संतुलन डगमगा गया है और वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बृहस्पति सिंह ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ मिलकर कांग्रेस को हराने की संगठित साजिश रची थी। अब उसी असफलता में आकर वह पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस एक अनुशासित और विचारधारा-आधारित संगठन है। राहुल गांधी साफ़ निर्देश है कि कोई भी कार्यकर्ता या कितना भी बड़ा नेता हो पार्टी अनुशासन से अलग किसी भी प्रकार का पार्टी विरोधी कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पार्टी से निष्कासित किए जाएंगे। ऐसे बेतुके बयानों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा, बल्कि वे और मजबूती से पार्टी के साथ खड़े रहेंगे।

### ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई 30 को

**अम्बिकापुर।** पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मे.मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. के आवेदन पर विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट उत्खनन के लिए 135.223 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण ने अधिसूचना जारी की है। विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम चिरगा में वर्षों पूर्व मां कुदरगढ़ी अल्यूमिना रिफायनरी प्लांट की स्थापना की गई है वहीं ग्राम पंचायत सिलसिला में मां कुदरगढ़ी एल्युमिना फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चिरगा के ग्रामीण इकाई की स्थापना होने के बाद से ही विरोध कर रहे हैं वहीं पिछले साल 8 सितम्बर को ग्राम सिलसिला स्थित फैक्ट्री में बॉयलर का हापर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी जिस पर ग्रामीणों ने भारी विरोध किया था। मे.मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. मैनपाट के दूरस्थ ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन करने की तैयारी में है बॉक्साइट उत्खनन के लिए केंद्रीय पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ग्राम कंडराजा में 75 रकबे में आवंटित 135.223 हेक्टेयर भूमि में उत्खनन के लिए 30 नवम्बर को नर्मदापुर स्थित स्टेडियम में जनसुनवाई निर्धारित की गई है। ग्राम कंडराजा सरगुजा का सरहदी गांव है तथा रायगढ़ की सीमा से सटा है। सरहदी कापू जंगल में पूरे साल हाथियों का दल मौजूद रहता है तथा ग्राम कंडराजा के रास्ते मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों सहित लखनपुर एवं सीतापुर रेंज के सीमावर्ती जंगलों में भ्रमण करता है। ग्राम कंडराजा सहित आसपास के ग्रामीणों को पर्यावरण मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली सुनवाई की जानकारी नहीं है। इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण अनभिज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।

## समितियों में शुरू नहीं हो सकी है खरीदी की तैयारियां

# कर्मचारियों की हड़ताल से समितियों में लटका ताला, 5 दिन बाद शुरू होनी है धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सहकारी समिति के कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से समिति में ताला लटक रहा है। शासन ने 15 नवम्बर से सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा कर दी है। इधर समिति के कर्मचारी अपनी मांगे पूरी होने के बाद ही कार्यस्थल पर लौटने की बात पर अड़े है। ऐसे में निर्धारित तिथि से धान खरीदी करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

**खास बात**
- बारदाना एवं हमालों की उपलब्धता बनी चुनौती

सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल विक्रेता आदि अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं तथा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन नोडल अधिकारियों की निगरानी में धान की खरीदी कराता है। खरीदी पूरी होने के बाद नोडल अधिकारियों की ड्यूटी खत्म हो जाती है। नमीयुक्त धान की खरीदी होने के कारण भारी मात्रा में सूखत आती है जिसकी भरपाई समिति प्रबंधकों से की जाती है। सूखत की वसूली धान खरीदी करने वाले नोडल अधिकारियों से भी होनी चाहिए। शासन द्वारा पूर्व में कम्प्यूटर ऑपरेटरों को 18420 रूपए मासिक भुगतान का आश्वासन दिया गया था। वर्तमान में शासन द्वारा ऑपरेटरों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से करने एवं 6 महीना का वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। समितियों में सेवा नियम लागू होना चाहिए तथा कर्मचारियों को सभी शासकीय सुविधाएं मिलनी चाहिए। पूर्व शासन द्वारा 72 घंटे के भीतर खरीदे गए धान का उठाव करने एवं 28 फरवरी तक उठाव नहीं होने पर 1 फीसदी सूखत का भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण हर बोरी में 2-3 किलों की सूखत आती है जिसकी भरपाई समिति के प्रबंधक को करनी पड़ती है। शासन समय पर धान का उठाव करे अन्यथा सूखत की समस्या का हल निकाले। कर्मचारी अपनी मांगों के पूरा होने के बाद ही कार्य पर लौटने की बात कह रहे हैं। ऐसे में निर्धारित समय पर धान खरीदी प्रारंभ करना अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि अधिकारी सहकारी समितियों में धान खरीदी की तैयारियां कराने का दावा कर रहे हैं साथ ही कर्मचारियों की हड़ताल को खरीदी के लिए बड़ी चुनौती भी स्वीकार कर रहे हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने में अब सिर्फ 5 दिन का समय शेष बचा है। इन 5 दिनों के भीतर आवश्यक तैयारियां नहीं हुई तो खरीदी में अधिकारियों को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।




वीरान सहकारी समिति।

### फड़ की साफ-सफाई जरूरी

धान खरीदी के पूर्व सहकारी समितियों के फड़ की साफ-सफाई आवश्यक है। फड़ में मवेशियों एवं अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के साथ ही सुरक्षा के उद्देश्य से फड़ की बारकेडिंग कराई जाती है। फड़ों में शाम तक सुचारू रूप से धान की खरीदी हो सके इसके लिए समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए लाइटिंग कराना पड़ता है। खरीदी के पूर्व नमी मापक यंत्र एवं कांटा-बांट की उपलब्धता एवं इसके प्रमाणीकरण की जरूरत पड़ती है। सॉफ्टवेयर में धान खरीदी का ट्रायल रन करना एवं खरीदे गए धान के भुगतान का अभ्यास करना जरूरी होता है ताकि किसी तरह की समस्या आने पर त्वरित निदान किया जा सके। समितियों को 16 कॉलम की जानकारी भी नियमित विभिन्न विभागों को देनी पड़ती है। इस 16 कॉलम की उपलब्धता आवश्यक है। खरीदी के लिए सबसे बड़ी जरूरत बारदाने एवं हमालों की उपलब्धता है। प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है लेकिन आवश्यक तैयारियों के बिना धान खरीदी करना आसान नहीं होगा।

### बाहर का धान रोकना बड़ी चुनौती

सहकारी समितियों में धान खरीदी प्रारंभ होने के एक पखवाड़े पूर्व ही कोचिए एवं बिचौलिए पड़ोसी राज्यों से बड़ी मात्रा में धान मंगाकर अलग-अलग गांवों में भंडारित कराते हैं ताकि आसानी से समितियों में खपाया जा सके। कोचिए अधिया खेती करने वाले एवं सीमांत किसानों का धान भी सस्ते में खरीदते हैं। प्रशासन द्वारा बलरामपुर जिलान्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्र रामानुजगंज, शंकरगढ़, कुसमी एवं वाड्रफनगर में विभिन्न स्थानों पर 22 जांच चौकियां जबकि सूरजपुर जिलान्तर्गत एमपी से सटे चांदनी-बिहारपुर क्षेत्रों में विशालपुर, नवाटोला एवं कोल्हुआ में तीन जांच चौकी स्थापित की गई है। रामानुजगंज तहसील में भारी मात्रा में लगातार अवैध धान जब्त किया जा रहा है जबकि अन्य क्षेत्रों में बाहरी धान को रोकना बड़ी चुनौती बनी है।

### एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर विवाद

शासन ने उन्हीं किसानों का धान खरीदने का निर्णय लिया है जिनका एग्रीस्टेक में पंजीयन हो। सरगुजा सहित अन्य जिलों में एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर कई समस्याएं सामने आ रही है। जिन किसानों की जमीन दो गांवों में है उन्हें पंजीयन में समस्या हो रही है। वनभूमि धारक किसानों का पंजीयन नहीं होने वहीं बड़ी संख्या में किसानों के रकबे में हेरफेर होने की बातें सामने आ रही है। खरीदी पूर्व सभी किसानों का पंजीयन एवं धान के रकबे को दुरूस्त करना भी चुनौती बनी है।

### चल रही तैयारियां

सहकारी समिति में धान खरीदी की तैयारियां चल रही है। धान खरीदी में अभी 6 दिन शेष है लिहाजा हड़ताली कर्मचारियों के काम पर लौटने का इंतजार किया जा रहा है।

-सुनीता अग्रवाल
डीआरसीएस, सरगुजा

## सेवारी समिति प्रबंधक पर अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सहकारी समिति के प्रबंधक के खिलाफ की गई शिकायत के मामले में ढाई महीने बाद भी जांच पूर्ण नहीं हो पाई है। जांच व कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

- जांच नहीं होने से किसानों में नाराजगी

बता दें कि आदिम जाति सेवा समिति सेवारी के प्रबंधक पर किसानों ने फर्जी नियुक्ति, धान टोकन और खाद वितरण के दौरान अवैध वसूली, किसानों के तौलाई-बोरा भराई राशि गबन और अमर्यादित गतिविधियों के गंभीर आरोप लगाए है। इसके साथ ही किसानों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद लगातार प्रबंधक द्वारा उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। इस मामले में ग्रामीणों 18 अगस्त कलेक्टर से शिकायत की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने सहकारिता विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। सहकारिता सहायक आयुक्त ने 21 अगस्त को एके दास, सहकारिता विस्तार अधिकारी वाड्रफनगर को तीन दिवस के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था लेकिन ढाई माह बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इस संबंध में सहकारिता सहायक आयुक्त सुरेश पैकरा ने बताया कि जांच प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए बालक स्कूल के दो छात्रों का चयन

**रामानुजनगर।** बच्चों के लिए जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिताओं का आयोजन शा.बहु.उ.मा.वि.अंबिकापुर में संपन्न हुआ जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत है, जिसके अंतर्गत सात उप विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता एवं जल संरक्षण और प्रबंधन है। प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 12वीं के छात्र अविनाश सिंह का स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रादर्श बनाने और 10वीं के छात्र नवल साय का सतत कृषि के लिए प्रादर्श बनाने पर राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। गाइड टीचर गोपाल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों को तलाशने और विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी ने चयनित दोनों छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## राजस्व न्यायालय में जीवित व्यक्ति को मृत बताकर झूठा शपथ पत्र किया प्रस्तुत

**बिश्रामपुर।** राजस्व प्रकरण में जीवित व्यक्ति को मृत बता कर बेजा लाभ लेने एसडीएम न्यायालय सूरजपुर में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर देने का मामला सामने आया है।घटना सामने आने के बाद जिसे मृत बताया गया है वही व्यक्ति ने सामने आकर मामले की शिकायत एसएसपी सूरजपुर से कर दोषियों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है,आवेदक लालजी आत्मज जगदीश राजवाड़े 50 वर्ष निवासी सोहागपुर चौकी करंजी ने सूरजपुर एसएसपी को लिखित शिकायत सौंप कर बताया कि अनावेदक मोहरसाय आत्मज अर्जुन राम 60 वर्ष निवासी सोहागपुर के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर में राजस्व अपील प्रस्तुत कर मुझे लालजी आत्मज जगदीश को मृत बताकर उक्त संबंध में शपथ पत्र निष्पादित कर प्रस्तुत किया गया है जिससे कि अनावेदक अनुचित लाभ प्राप्त कर सके,इस प्रकार अनावेदक मोहर साय ने योजनाबद्ध ढंग से जानबूझकर एसडीएम न्यायालय में गलत व झूठा दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिसकी जांच कर आरोपित व्यक्ति के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग एसएसपी से की गई है।

- पीड़ित व्यक्ति ने मामले की एसएसपी से की गई शिकायत

## भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की उपस्थिति में रविवार को एसआईआर हेतु समलाया मंडल की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में श्री सोनी ने कहा कि निर्वाचन विशेष गहन पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने का सामूहिक अभियान है। मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की निष्पक्षता की बुनियाद होती है, जिसमें भाजपा सदैव अग्रणी भूमिका निभाती आई है। प्रत्येक बूथ पर सही मतदाता सूची बनाना, छूटे पात्र मतदाताओं को जोड़ना और मृत अथवा स्थानांतरित नामों को हटवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता घर-घर जाएं, लोगों से संवाद करें, उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराएं। कार्यशाला सह प्रभारी अनिल अग्रवाल ने कहा कि गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक बीएलए और बूथ प्रभारी को मतदाता सूची के प्रत्येक बिंदु पर ध्यान देना चाहिए। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं, उनकी सक्रियता ही भाजपा की सफलता का आधार है। जन्मेजय मिश्रा एवं अभिषेक शर्मा ने एसआईआर की तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी दी तथा संतोष दास ने वंदेमातरम् गीत प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री अजय सोनी एवं आभार प्रदर्शन अभिषेक सिंहदेव ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री अरूणा सिंह, पार्षद मनीष सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, दीपक सिंह तोमर, सरिता मिश्रा, सर्वेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## ग्रामीणों पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रामानुजगंज।** वन विभाग की मदद करने गए ग्रामीणों पर हमला करने वाले अतिक्रमणकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अतिक्रमण की नापजोख करने के दौरान आरोपी ने ग्रामीणों पर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

बता दें कि 6 नवंबर को विकासखंड के ग्राम कालिकापुर में वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने गई हुई थी। इस कार्रवाई के दौरान नाप जोख के लिए टीम गांव के अनिल यादव, रूपलाल यादव, लाल मोहन यादव, सुशील यादव को साथ लेकर गई हुई थी। नाप जोख के दौरान अतिक्रमणकारी ग्रामीण दरोगा यादव ने ग्रामीणों के ऊपर हमला कर दिया था। इस घटना में रूप लाल यादव और अनिल यादव को गंभीर चोट आई थी। इस घटना की शिकायत सुशील यादव आ. मुखलाल यादव ने पुलिस से की थी। घटना के बाद आरोपी कालिकापुर निवासी 40 वर्षीय दरोगा यादव आ. रामवृक्ष यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कब्जे की भूमि को जबरजस्ती हटवाने से आक्रोशित होकर मारपीट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी दरोगा यादव को बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# अमेरा खुली खदान को लेकर नहीं थम रहा ग्रामीणों व प्रबंधन का विवाद

**लखनपुर।** अमेरा ओपन कास्ट माइंस को लेकर ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच गतिरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी भी ग्रामीण इसी बात पर अडिग है कि वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर कोयला निकाले के लिए नहीं देंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने प्रबंधन कोल उत्खनन हेतु जमीन देने के लिए सहमति बनने का भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। बता दें कि अमेरा खुली खदान का विस्तार परसोडीकला तक किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीण लम्बे समय से विरोध कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि वे खदान के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। प्रबंधन की समझाईस के बाद ग्रामीण अपनी बात पर अडिग है। इस दौरान दो बार ग्रामीणों और कोल कंपनी के कर्मचारियों के बीच झड़प भी हुई जिसमें कई कर्मचारियों को चोट आई थी। इन सब के बीच एक बार फिर से शनिवार को ग्रामीणों के निस्तार हेतु बनाए गए तालाब के समीप खनन कंपनी शुरू कर दिया जिसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। इस प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच खनन के लिए सहमति बन गई है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा जबरन भ्रम फैलाया जा रहा है कि खदान विस्तार के लिए ग्रामीणों ने ने अपनी सहमति दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन ने निस्तार के तालाब को पहले ही नष्ट कर दिया था इस लिए उस स्थान से वे कोयला निकाल रहे है जबकि इसके आगे वे अपनी एक इंच की जमीन खदान के लिए नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि ओपन कास्ट खदान अमेरा परियोजना का विस्तार ग्राम पंचायत परसोडीकला की ओर किया जा रहा है जिसका आज भी विरोध है और आने वाले समय में भी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि खदान विस्तार के लिए ग्राम पंचायत की ओर 1 इंच जमीन नहीं देंगे ना हमें नौकरी चाहिए ना ही हमें मुआवजा हमें अपना जमीन ही चाहिए। अपनी जमीन बचाने के लिए ग्रामीण लम्बी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है।

- समझाईश के बाद भी जमीन देने को नहीं हुए राजी



## तहसील साहू संघ भैयाथान के पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

**भैयाथान।** तहसील साहू संघ भैयाथान की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर निर्विरोध चयन के साथ संगठन को नई दिशा देने के संकल्प व्यक्त किए गए। शनिवार को सोनपुर बैठक में समाज के उपस्थिति में तहसील भैयाथान साहू संघ के अध्यक्ष सौरभ साहू, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, उपाध्यक्ष नीरू गुप्ता, संगठन सचिव अनिल साहू, संगठन सचिव काजल गुप्ता सर्वसम्मति से चयनित पदाधिकारी बनाए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ साहू ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। समाज के युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को अवसर प्रदान करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है।

## तनाव मुक्त जीवन के उपाय पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में शुक्रवार को तनाव प्रबंधन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सोशल वर्कर के टीम के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को तनाव से मुक्त रहने के लिए उपाय बताए,सोशल वर्कर कुमारी प्रियंका मंडल एवं मनोज कुमार के द्वारा बताया गया कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव नहीं लेना चाहिए, इसके लिए विभिन्न प्रकार के एक्टिविटिज के माध्यम से अवगत कराया गया कि अपने जीवन में कैसे शांति लाई जा सकती है।

शिविर में बताया गया कि अपने भविष्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए और अपने मन मस्तिष्क में हमेशा सकारात्मक बातें सोचने चाहिए,इसके लिए हमें अच्छे साहित्य का अध्ययन एवं अपने परिवार के साथ समय बिताने से नकारात्मक विचार नहीं आता है,इस दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को बताया गया कि अपने मन की बात को परिवार के साथ साझा करने एवं मित्रो से खुलकर अपनी बातों को रखनी चाहिए जिससे मन में नकारात्मक विचार न पनपे और मन में शांति बनी रहे।

## विकासखण्ड गौ सेवा आयोग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

विकासखण्ड स्तरीय गौ सेवा आयोग की समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखण्ड अंतर्गत गौधाम संचालन हेतु विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करना था। बैठक में आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा गौ धामों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सदस्यों ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विकासखण्ड में चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक सुधार हेतु सुझाव भी दिए। इस अवसर पर गौ धामों के रखरखाव, पशुओं के आहार, चिकित्सा सुविधा एवं स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि गौधाम केवल पशु संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि यह समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना का प्रतीक हैं। इन केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, सदस्य संदीप तिवारी, हेमन्त यादव, अदल सिंह, अंजनी पाल, पदेन सदस्य जनपद पंचायत अध्यक्ष गुलाब सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अजय मोरियम, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकुमार कुशवाहा एवं डॉ. रेनू खेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

मीठी मधुर स्मृतियाँ
आपकी कभी नहीं मिट पाएगी,
आपका व्यवहार आपकी बातें
सदैव हमें याद आएगी।
हे आदरणीय अर्पण है
विनम्र हृदय से भावांजलि,
स्वीकार करें
हे पुण्य आत्मा
हम सबकी यह श्रद्धांजलि...

स्व. श्रीमती प्रमिला गुप्ता
जन्म 04-11-1951 स्वर्गवास 11-11-2007

श्रद्धावनत- जागेश्वर प्रसाद गुप्ता (पति), प्रकाश- आकाश (पुत्र), सविता - शैलजा (पुत्रवधु), शिवानी (पोती), अशेष - निवेद-समीक (पोता) केलो विहार कालोनी एवं समस्त गुप्ता परिवार सौंड़केला, घुटकूपाली एवं पुसौर (रायगढ़)

## खबर संक्षेप

### ट्रक से कुचल कर युवक की मौत, हंगाम

**राउरकेला।** बनई थाना क्षेत्र में रविवार शाम हुई ट्रक दुर्घटना में संतोष नंद नामक युवक की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हादसे से आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग 143 को अवरुद्ध कर दिया, जिससे करीब चार घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। अंततः दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मालिक द्वारा मृतक परिवार को 1 लाख 80 हजार रुपये मुआवजा देने के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ और स्थिति सामान्य हुई। इस बीच, उग्र भीड़ के हमले में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल राउरकेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुस्साए लोगों ने पुलिस और वन विभाग की गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। हालात बिगड़ने पर राउरकेला से अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया। स्थानीय नागरिकों ने नरेंद्र गुरुंडिया मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुएए उस पर कड़े नियंत्रण की मांग की है।

### आरक्षक भर्ती के लिए होगा ट्रेड टेस्ट

**रायगढ़।** आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। रायगढ़ में आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन पदों के लिए ट्रेड टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक पुलिस लाइन उर्दना, रायगढ़ में आयोजित होगी। इस परीक्षा में बिलासपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। पुलिस विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, आरक्षक चालक के साथ-साथ आरक्षक श्रेणी के अंतर्गत धोबी, टेंट खलासी, मोची, कुक, नाई एवं टेलर जैसे पदों के लिए यह परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को ट्रेड टेस्ट के लिए सूची में दर्शाई गई निर्धारित तिथि पर प्रातः 7 बजे पुलिस लाइन रायगढ़ में उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए व्यापम द्वारा जारी लिखित परीक्षा का एडमिट कार्ड तथा वैध पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक है। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर परीक्षा स्थल में प्रवेश दिया जाएगा।

### जल संकट के बीच पानी की बर्बादी

**राउरकेला।** एक ओर शहरवासी पीने के पानी की कमी से जूझ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही से कीमती पानी की बर्बादी थमने का नाम नहीं ले रही। आरएमसी नियंत्रित उदितनगर महताब रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के सामने बने फूड कोर्ट परिसर में रविवार दोपहर पानी की बर्बादी का ऐसा ही दृश्य देखने को मिला ऐसा नजारा आम बात है। ओवरहेड टंकी भर जाने के बाद भी मोटर बंद न करने से लंबे समय तक पानी टंकी से ओवरफ्लो होता रहा, जिससे सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बह गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति कोई नई नहीं है विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

### खरीदी केंद्रों में बुनियादी और मूलभूत तैयारियां करने का निर्देश

# चार दिन बाद खरीदी होगी शुरू, जिले की 105 उपार्जन केंद्रों में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर अधिकिरयों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने अधिकारियों को निर्देश दिया। जिले की 69 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में किसानों से नकद एवं लिंकिंग में धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने उपार्जन केंद्रों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और नोडल अधिकारियों को प्रत्येक केंद्र का भौतिक सत्यापन कर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- नोडल अधिकरी भौतिक सत्यापन कर देंगे रिपोर्ट

कलेक्टर ने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर व यूपीएस, इंटरनेट कनेक्शन, आर्द्रतामापी यंत्र, कांटा-बाट, बारदाना, पेयजल, शौचालय, मानव संसाधन, तारपोलिन और सीसीटीवी कैमरा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान परिवहन पर नियंत्रण हेतु 10 अंतरराज्यीय एवं 15 आंतरिक चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ तीन पालियों में 24 घंटे निगरानी दल तैनात है। कलेक्टर ने बिचौलियों एवं कोचियों की सूची बनाकर अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित विभागीय अधिकारी।

#### टेली मेडिसिन सुविधा का मिले लाभ

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के मरीजों के लिए टेली मेडिसिन सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा से मरीजों को अपने ही स्वास्थ्य केंद्र से विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार रोस्टर के अनुसार रोजाना विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर जैसे मेडिसिन, अस्थिरोग, स्त्रीरोग, शिशु रोग और नेत्र रोग के चिकित्सक परामर्श के लिए उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सेवा का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

#### आंगनबाड़ी में नियमित पोषण आहार कराएं उपलब्ध

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी, पोषण ट्रैकर, भवन निर्माण, विद्युत कनेक्शन एवं एलपीजी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने क्रिटिकल केयर यूनिट एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में पाई जा रही अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्कूलों में एलपीजी आधारित मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और समग्र शिक्षा मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जर्जर स्कूल भवनों की सूची तैयार कर जल्द कार्यवाही की जाए, ताकि किसी दुर्घटना की संभावना न रहे।



## भोर में प्रभात फेरी रात रामायण पाठ और संगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसीवा नगर पंचायत में इन दिनों कीर्तन मंडली के शुरुआती दिन से स्थानीय सत्संगी कीर्तन मंडली के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के सभी मोहल्ले के गलियों में राम भजन करते हुए प्रभात फेरी लगते थे। रात्रि में प्रतिदिन रामायण का पाठ किया जाता था नगर वासी प्रति दिन भोर में सुबह सुबह कीर्तन मंडली के द्वारा सभी प्रभात फेरी करने वाले को चाय पिलाकर से स्वागत किया करते थे। उसके बाद प्रभात फेरी के लिए उपस्थित लोगों के साथ कीर्तन मंडली के द्वारा नगर भ्रमण करते थे। कीर्तन मंडली के प्रभात फेरी से पूरा नगर धर्म नगरी में परिवर्तित हो जाता था नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकलने वाले का समापन कार्तिक पूर्णिमा के रोज शनि मंदिर के पास भंडारण किया गया था जिसमें खीर पुरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। स्थानीय कीर्तन मंडली के द्वारा सुबह-सुबह प्रभात फेरी का स्थानीय लोगों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

### राजगांगपुर ट्रक मालिक संघ का चुनाव, राकेश अध्यक्ष

**राजगांगपुर।** राजगांगपुर ट्रक मालिक संघ का बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को रानीबांध स्थित संघ कार्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी उपेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में सुबह 8 बजे आरंभ हुई और शाम 7 बजे मतगणना व परिणाम घोषणा के साथ संपन्न हुई। इस चुनाव में 531 सदस्यों में से 459 ने मतदान किया। परिणामस्वरूप राकेश नंदा बब्बू भाई ने 295 वोट पाकर जगन्नाथ यादव को पराजित करते हुए अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। एमडी निसार उपाध्यक्ष पद पर तनवीर आलम उपाध्यक्ष बी पद पर तथा मनोज कुमार बांका महासचिव पद पर विजयी रहे।

## केजव्हील से सड़कें हो रही खराब, हो सकती है वाहन चालकों पर कार्रवाई



**बरमकेला।** नए रोड तो बन जाते हैं, लेकिन नागरिक कर्तव्य बोध की कमी के कारण नये रोड भी उखड़ते नजर आते है जिसका मुख्य कारण होता है सड़को पर केजविल चलना जो की रोड को क्षति ग्रस्त कर रहा है लेकिन अब शासन और प्रशासन सड़कों पर चलने वाले कैजव्हील एव अन्य ऐसी चीजे जो सड़क खराब कर सकती है। साथ ही बड़े हादसे को भी निमंत्रण देता है। इसे देखते हुए प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। ऐसे में ट्रैक्टर कैज व्हील के साथ चलाते है तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

कलेक्टर पर पूर्व में सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम मानिकपुर, बोन्दा, सांकरा एवं सरिया मे डबल कैज़व्हील ट्रेक्टर को मुख्य सड़कों पर चलाने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध जब्ती और चलानी कार्रवाई किया जा चुका हैं। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रवर्तन दल का गठन किया गया था। कलेक्टर द्वारा नगर पंचायत सरिया मे तहसील के समस्त ग्राम के सरपंच, सचिव एवं पटवारी का बैठक मे कैज़ व्हील युक्त ट्रैक्टर वाहनों को सड़कों चलाने से मना किया गया था। इसके लिए आदेश भी जारी किया गया था। लेकिन इसी क्रम में भविष्य मे भी कैज़े व्हील वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शासकीय संपत्ति सड़क को क्षतिग्रस्त होने से बचाना हैं।

> मुख्य मार्गों में डबल कैजव्हील युक्त ट्रेक्टर नहीं चलाना चाहिए। सड़क सार्वजनिक हैं जिसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।
>
> **कोमल प्रसाद साहू, तहसीलदार सरिया**

### घरघोड़ा मंडल में हुआ एसआईआर सम्मेलन

**घरघोड़ा।** पूरे देश में चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर सर्वे किया जा रहा है, इसी को लेकर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर लोगों तक जानकारी व जागरूकता पहुंचे इस उद्देश्य से एसआईआर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा घरघोड़ा मंडल द्वारा एसआईआर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जनपद अध्यक्ष सहनु पैंकरा, भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे, वही आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल ने की। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों ने एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में बताया तथा उसमें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। उसके साथ ही आगामी बारह नवंबर को घरघोड़ा से तमनार तक यूनिटी मार्च के बारे में बताया उसमें जनता की क्या भागीदारी हो सकती के संबंध में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री हंस राज गुप्ता ने किया। आज के इस कार्यक्रम में भाजपा के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण, शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

## बच्चों के मॉडल ने दिखाया विज्ञान का चमत्कार कृषि अपशिष्ट प्रबंधन को मिली सराहना

- रायगढ़ जशपुर और सारंगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार
- कल जशपुर में विजयी प्रतिभागी होंगे शामिल





**रायगढ़।** पश्चिम भारत विज्ञान मेला का जोन स्तरीय आयोजन 8 नवम्बर को पीएम नटवर स्कूल में उत्साह, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीईओ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी पश्चिम भारत विज्ञान मेला भुवनेश्वर पटेल एवं जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत देवेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

डीईओ ने कहा कि हर बच्चे के भीतर एक वैज्ञानिक बनने की क्षमता होती है जरूरत है तो केवल उसकी जिज्ञासा को जगाने और उसे प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विज्ञान और गणित विषयों को रुचि के साथ पढ़ें और सीखने की प्रक्रिया में प्रयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ, ताकि वे भविष्य में सृजनात्मक और नवाचारी सोच वाले नागरिक बन सकें। जिला नोडल अधिकारी पश्चिम भारत विज्ञान मेला भुवनेश्वर पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा विद्यार्थियों के सच्चे मार्गदर्शक सिर्फ माता पिता और शिक्षक ही होते हैं जो हमेशा उनके भविष्य के लिए बेहतर सोचते हैं। शिक्षक को अपनी गरिमा और मिशन के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए तभी शिक्षा का असली उद्देश्य पूरा होगा।

इस आयोजन में रायगढ़, जशपुर और सारंगढ़ जिले के चयनित विद्यार्थियों ने विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान प्रदर्शनी तथा सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक के विकल्प, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, उभरती प्रौद्योगिकी एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर अपने नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

#### सतत कृषि में चरईडांड की रीमा सिंह प्रथम

विधा विज्ञान मॉडल विकसित और आत्मनिर्भर भारत उप कथानक सतत कृषि में प्रथम रीमा सिंह चरईडांड, जशपुर, द्वितीय कु. वैदांती वर्मा पीएम खरसिया, एवं तृतीय दिप्ती प्रजापती शाउमावि सारंगढ़ रहे। इसी तरह उप कथानक अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प में प्रथम नीलध्वज सोनी शाउमावि हरदी, सारंगढ़ द्वितीय दिगविजय सिंह सेजेस घरघोड़ा, उप कथानक हरित ऊर्जा में प्रथम भूमिका पटेल पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल, द्वितीय दिव्या कुर्रे शाउमावि सारंगढ़, तृतीय शिवम चिक बडाईक शाउमावि गम्हरिया उप कथानक उभरती हुई प्रौद्योगिकी में प्रथम विमल प्रधान शाउमावि सरिया, द्वितीय आशीष वर्मा पीएमश्री नटवर , तृतीय सत्यम बघेल सेंट मेरी स्कूल, जशपुर, उप कथानक मनोरंजनात्मक गणितीय मॉडलिंग में प्रथम सैफी परवीन सेजेस बगीचा, जशपुर, द्वितीय ध्रुव महेश शाउमावि हरदी, तृतीय वर्षा जांगड़े शाउमावि सारंगढ़, उप कथानक स्वास्थ्य और स्वच्छता में प्रथम नकुल जोलहे शाउमावि हरदी द्वितीय दुर्गा नाई सेजेस चपले रहे।

### डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान के लिए लगेगा शिविर

**रायगढ़।** जिले में पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 और 12 नवम्बर को जिले के सभी जनपद पंचायत कार्यालयों में आयोजित होंगे। यह अभियान भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसमें पेंशनरों को अपने जीवन प्रमाण-पत्र को डिजिटल माध्यम से घर बैठे या नजदीकी शिविरों में आसानी से प्रस्तुत करने की सुविधा मिलेगी। डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र 4.0 संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से पेंशनर अपने मोबाइल या कंप्यूटर से सीधे प्रमाण-पत्र बना सकते हैं। इस तकनीक से जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुरक्षित बन गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों में विद्युत, इंटरनेट, बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों-कर्मचारियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाए।

## शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के एमए हिन्दी विभाग के छात्र-छात्राएं 8 नवम्बर को खैरागढ़ एवं राजनांदगांव के लिए शैक्षणिक भ्रमण में पहुंचे थे। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को कलाए साहित्य और संस्कृति के विविध पक्षों से परिचित कराना था।विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का भ्रमण किया। जहाँ उन्होंने मूर्तिकला चित्रकला एवं संगीत



विभाग का अवलोकन किया। वहाँ की कार्यशालाओं में कलाकारों को प्रत्यक्ष रूप से मूर्तियाँ बनाते देखना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत रोचक एवं शिक्षाप्रद रहा। परिसर में सजी मूर्तियाँ और कलाकृतियाँ भारतीय कला की समृद्ध परंपरा का अद्भुत परिचय दे रही थीं। इसके बाद विद्यार्थियों ने दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव का भ्रमण किया, जो अपनी ऐतिहासिक वास्तुकला और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। प्राचीन सौंदर्य से सुसज्जित इस परिसर में विद्यार्थियों ने समूह चर्चा और अनुभव साझा कार्यक्रम में भाग लिया। प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र, विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता विक्रम कोसले एवं प्राध्यापक रेशम चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### बीरमित्रपुर में ट्रैफिक अव्यवस्था को दूर करने पर जोर

**बीरमित्रपुर।** बिरसा मुंडा बस स्टैंड की ट्रैफिक समस्या को लेकर बीरमित्रपुर विकास मंच ने स्थानीय पुलिस थाने में आईआईसी राम प्रसाद नाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बस स्टैंड की अव्यवस्था दूर करने और यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। इसके बाद थाने में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व विधायक निहार सुरीन, जगदीश अग्रवाल, बीके शुक्ला, सुनील तिवारी, बिक्रम पटनायक, लालन श्रीवास्तव, नगरपालिका से राजू बाबू, साहू बाबू, हेमंत तिवारी तथा ट्रक एसोसिएशन से नीतेश मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी बसें बस स्टैंड के अंदर ही प्रवेश करेंगी। एनएच पर किसी बस को खड़ा नहीं किया जाएगा और चाइना टाउन क्षेत्र में बसों का अधिक देर तक रुकना प्रतिबंधित रहेगा। थाने के पास स्थित बस अड्डे से ही यात्रियों के चढ़ने उतरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चाइना टाउन के पास स्कूल होने के कारण वहां ट्रैफिक जाम की समस्या को रोकने के लिए विशेष अपील की गई। बैठक में सभी नागरिकों से यातायात व्यवस्था सुधार में प्रशासन को सहयोग देने की अपील की गई।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की फरियाद

# बिंजकोट के सरपंच ने की सड़क निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष रखीं।

कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार, पारदर्शी और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता को राहत पहुंचाना और विश्वास कायम रखना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लें और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनदर्शन में ग्राम गोपालपुर के सरपंच ने बताया कि आश्रित ग्राम भिखारीमाल में निर्माणाधीन नवीन प्राथमिक शाला भवन राशि स्वीकृति में विलंब के कारण अधूरा है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम कर्राजोर के श्याम गुप्ता ने हल्का पटवारी द्वारा ऑनलाइन बी-1 में त्रुटि सुधार नहीं किए जाने की शिकायत की। ग्राम कोड़ातराई के हरिशंकर ने अपनी दिव्यांग पुत्री के लिए पेंशन स्वीकृति, ग्राम बिंजकोट के सरपंच ने ग्राम में सड़क निर्माण, ग्राम अंजोरीपाली के 65 वर्षीय विजय पांडेय ने दिव्यांगता के आधार पर ई-साइकिल, ग्राम सरडामल की सुमित्रा ने विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी तरह अन्य आवेदकों ने भी अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन पर न्यायोचित एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आवेदकों को शीघ्र राहत मिले। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



